(ख) यदि हां, तो उक्त विधेयक की रूपरेखा क्या है या क्या होगी और सरकार यह विधेयक कब तक लायेगी, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या निर्वाचन आयोग ने सरकार से जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को रद्द करने का अनुरोध भी किया है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त अनुरोध पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार का इस पर क्या और कब तक कार्यवाही करने का विचार है;

विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रमाकान्त डी. खलप): (क) से (घ) निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77(1) के अधीन स्पष्टीकरण-I को हटाए जाने और साथ ही निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा का पुनरीक्षण करके उसे बढ़ाए जाने का प्रस्ताव किया है। यह निर्वाचन सुधारों के संबंध में उन प्रस्तावों में से है, जिनपर सरकार राजनैतिक दलों के साथ चर्चा कर रही है। तथापि, निर्वाचन आयोग ने न तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 को निरसित करने की मांग की है और न ही सरकार इस पर विचार कर रही है।

Pending cases for final decision in the Delhi High Court

410. SHRI PARMESHWAR KUMAR AGARWALLA: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of cases relating to service matters, have been pending, for final decision, in the High Court of Delhi;

(b) out of these cases, how many such cases have been disposed of during 1996 and upto date;

(c) what has been generally the maximum and minimum period taken on hearing each case after issuing the rules/admitting the same for final disposal;

(d) whether considering this as a welfare measure, any steps have been taken by the Hon'ble Court for the speedy disposal of CWP in service matters after issues of rule/admission; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI RAMAKANT D. KHALAP): (a) and (b) As on 1.1.1996, 5930 Writ Petitions relating to service matters were pending in Delhi High Court. Out of these, 575 writ petitions were disposed of during the period from 1st January to 30th June, 1996.

(c) It is not possible to indicate the maximum and minimum period taken on hearing each case. However, out of 5722 cases pending in Delhi High Court as on 30th June, 1996, 1385 cases were pending for over ten years and 52 cases were pending for less than one year.

(d) and (e) The High Court of Delhi has informed that the following steps have been taken for the speedy disposal of pending cases:

(i) Cases involving same or similar questions are grouped together and listed before Court for disposal.

(ii) The cases are being listed before Courts Act-wise and Section-wise.

(iii) The Court has fixed one day in a week exclusively for hearing of old cases by all Division Benches/Single Benches.

(iv) A Cell manned by senior officers has been created for classification and grouping of pending as well as new cases. This Cell is preparing brief notes, especially in old cases, stating facts, points in issue, the case law and the precedents applicable. In this way, large number of grouped cases are being listed as batch matters and these are being disposed of by a common judgement.

(v) The rules relating to hearing of writ petitions have been amended providing for admission and final hearing by Single Benches. This will expedite disposal of these matters.

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को रद्द करने का प्रस्ताव

411. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को निरसित करने के लिये कोई विधेयक लाने पर विचार कर रही है;